# Sumanjari

Hindi

3

पाठ-1

## हम गढ़ते हैं अपनी तकदीर

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) बालक अपने नन्हें हाथों से अपनी तकदीर गढ़ते हैं।

(ख) हमारी मुट्ठी में हमारे जीवन की तस्वीर बंद है।

(ग) हम अपने राष्ट्र को और मानव को नया बना सकते हैं।

(घ) हम अपना सुख दुख और अपनी पीड़ा का अनुभव करते हैं।

(ङ) हम नन्हें होकर भी तन-मन से स्वच्छ हैं।

**2.** कविता की पंक्तियाँ पूरी करो–

संकेत हैं, मानव नया, सदा बढ़ेंगे, तोड़ बंधनों

**3.** निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो–

मानव-मनुष्य, आदमी वीर-बहादुर, श्रेष्ठ

पीर-दुःख, पीड़ा

**4.** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| जीवन-मृत्यु | अपनी-परायी | नवीन-प्राचीन |
| सुख-दुःख | अच्छा-बुरा | बंद-खुली |

पाठ-2

## लालच का फल

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) राजा को अपनी प्रजा के सुख-दुःख की हमेशा चिन्ता रहती थी।

(ख) दुःखी लोगों की सहायता करने के लिए और उन्हें परेशानियों से दूर करने के लिए राजा और मंत्री अपना वेश बदलकर घूमते थे।

(ग) मंत्री ने राजा से कहा 'महाराज कल रात को हम इस गली से फिर निकलेंगे। और सोने की मोहरों से भरी थैली इस घर की खिड़की से अंदर गिरा देंगे। जिससे इन लोगों का दुःख दूर हो जाएगा।'

(घ) राजा और मंत्री की बात सुनते ही पड़ोस के आदमी के मुँह में पानी आ गया। वह उन मोहरों को पाने का उपाय सोचने लगा।

(ङ) झोपड़ी का सौदा 5000 रुपये में पक्का हुआ।

**2.** किसने, किससे कहा–

किसने-राजा ने

किससे-लड़की से

किसने-लड़की ने

किससे-राजा से

किसने-पड़ोसी से

किससे-लड़की के पिता से

किसने-मंत्री से

किससे-राजा से

**3.** दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरो–

(क) प्रजा, सुख-दुःख

(ख) राजा और मंत्री, वेश

(ग) मंत्री

(घ) सिर

**4.** दिए गए शब्दों के दो-दो पयार्यवाची लिखो–

वेश-पोशाक, वेशभूषा

चतुर-निपुण, योग्य

घर-गृह, निवास

**5.** विलोम शब्द लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| रात-दिन | अच्छा-बुरा | राजा-रंक, प्रजा |
| सुबह-शाम | सुखी-दुःखी | दुःख-सुख |

**6.** निम्न शब्दों के बहुवचन लिखो–

| | |
|---|---|
| रोटी-रोटियाँ | कीमत-कीमतों |
| गुप्तचर-गुप्तचरों | लकड़ी-लकड़ियाँ |
| व्यक्ति-व्यक्तियों | गाली-गालियाँ |

पाठ-3

## प्रदूषण

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–

(क) पाठ में प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में बात की गई है।

(ख) प्लास्टिक की पालिथीन कभी प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होती। यह इसकी सबसे बड़ी कमी है।

(ग) जब भी हम कोई सामान खरीदने जाएं तो अपने साथ कपड़े का थैला ले जाकर और कागज के थैलों का उपयोग करके प्लास्टिक प्रदूषण को दूर कर सकते हैं।

**2.** दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरो–

(क) पॉलिथीन

(ख) नष्ट

(ग) कपड़े, कागज

(घ) पर्यावरण

3. विलोम शब्द लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| प्राकृतिक | - | अप्राकृतिक |
| स्वच्छ | - | अस्वच्छ |
| सहयोग | - | असहयोग |
| प्रयास | - | आलस्य |

## पाठ-4
# आलसी ब्राह्मण

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) ब्राह्मण आलसी प्रकृति का व्यक्ति था।

(ख) ब्राह्मण ने साधु की सेवा की और साधु ने उसकी सेवाभाव के बदले उसे पारस पत्थर दिया।

(ग) पारस पत्थर से किसी भी वस्तु को छुआकर सोना बनाया जा सकता था।

(घ) साधु के पारस पत्थर वापस माँगे जाने पर ब्राह्मण इसलिए रोया क्योंकि उसने पारस पत्थर से जरा-सा सोना बनाया। उसके बाद सोना नहीं बनाया।

(ङ) साधु ने ब्राह्मण को समय का सदुपयोग करने, आलस्य न करने और आज का काम कल पर न छोड़ने की शिक्षा दी।

2. किसने, किससे कहा—

(क) किसने-साधु ने
किससे-ब्राह्मण से

(ख) किसने-ब्राह्मण ने
किससे-साधु से

(ग) किसने-साधु ने
किससे-ब्राह्मण से

3. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरो—

(क) काम (ख) भाग्य के भरोसे

(ग) प्रसन्न (घ) सोना

(ङ) उन्नति

## पाठ-5
# फूल हमेशा मुस्काता

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) फूल लू वाली हवा चलने पर, काँटों की नोंकों को सहकर नीचे धूल में मिलकर, आदि सभी परिस्थितियों में मुस्काता है।

(ख) यह कविता सोहनलाल द्विवेदी ने लिखी हैं।

(ग) कवि हमें हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहने का संदेश दे रहा है।

(घ) फूल हर परिस्थितियों में मुस्कुराता है किसी भी परिस्थिति में रोता नहीं है। अपने इसी गुण के कारण वह सबसे अच्छा लगता है।

2. कविता की पंक्तियां पूरी करो—

(क) मतवाली, फूल हमेशा, लू वाली

(ख) रहकर, फूल हमेशा, सहकर, मुस्काता

3. सरलार्थ लिखो—

(क) इस कविता के माध्यम से कवि हमें फूल की तरह जीवन जीने का संदेश दे रहा है चाहे जैसी भी परिस्थिति हो फूल हमेशा मुस्काता है रोता नहीं है अपने इसी गुण के कारण वह सबको अच्छा लगता है।

4. नीचे लिखे शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो—

मुस्काना-फूल हम सब को मुस्कराना सिखाता है।

काँटों-हमें काँटों में रहना सीख लेना चाहिये।

रोना-बालक का रोना बंद हो गया।

टपक-रोहन अपने मित्रों से बात कर रहा था बीच में उसकी बहन टपक पड़ी।

5. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—

हवा-समीर, वायु फूल-पुष्प, सुमन

धूल-धूलि, गर्द हमेशा-सदैव, नित्य।

## पाठ-6
# स्वामी विवेकानन्द

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता में हुआ।

(ख) उनकी माताजी का जन्म भुवनेश्वरी देवी एवं पिता जी का नाम विश्वनाथ दत्त था।

(ग) स्वामी विवेकानन्द का बचपन में नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था।

(घ) स्वामी विवेकानन्द के गुरु संत रामकृष्ण परमहंस थे।

(ङ) अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के संगम पर स्वामी विवेकानंद जी का स्मारक स्थित है।

2. दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्यों के खाली स्थान भरो—

(क) बाल्यकाल

(ख) सच (ग) गीत (घ) कन्याकुमारी

3. दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो—

शिक्षा-शिक्षा हमें ज्ञान देती है।

प्रशंसा-महाराजा अशोक की प्रशंसा उनकी पूरी प्रजा करती थी।

महान-अकबर मुगल वंश के तीसरे महान सम्राट थे।

पराधीनता-आर्थिक पराधीनता देश के लिए एक बड़ी चुनौती है।

पाठ-7

## पहिया

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए पहिये की आवश्यकता हुई।

(ख) मनुष्य ने पहिये की गति को बढ़ाने के लिए उस पर रबर का घेरा चढ़ाया।

(ग) मनुष्य ने लकड़ी की पट्टियों को सटाकर चौखटा सा बनाया उस पर बोझ लादा तथा पहियों की मदद से उसे कुत्तों से खिंचवाया। जिस गाड़ी को स्लेज कहा गया।

(घ) पहिया बनाने से मनुष्य को बहुत-सी सुविधाएँ मिलीं। वह पहियों की मदद से बोझ को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा सकता था। आज के समय में घड़ी से लेकर बड़ी से बड़ी मशीनों के अंदर पहिया ही घूमकर उन्हें चलाता है।

(ङ) सन् 1888 ई. में ब्रिटेन के जॉन डनलप ने रबर के टायर ट्यूब का अविष्कार किया।

2. खाली स्थान भरो—

(क) वस्तु (ख) पाँच हजार (ग) घोड़े, गधे, ऊँट, हाथी, बैल (घ) मोहनजोदड़ो (ङ) खाँचा

3. सही कथन पर सही तथा गलत कथन पर गलत का चिन्ह लगाओ—

(क) (×) (ख) (×) (ग) (×) (घ) (×) (ङ) (✓)

पाठ-8

## मैं हूँ किताब

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) किताब में ज्ञान भरा होता है।

(ख) किताब का अपमान करने वाला बर्बाद हो जाता है।

(ग) किताब को पढ़कर लोग अफसर, नेता, राजा, नवाब बनते हैं।

(घ) किताब को जो गले लगाते हैं, वे बुद्धिमान हो जाते हैं।

(ङ) किताब संसार में इंकलाब लाती है।

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

ज्ञान भरा, जन-जीवन का, जो आया, हो गया हरा।

3. सरलार्थ लिखो—

इन पंक्तियों के माध्यम से कवि कहना चाहते हैं कि जो व्यक्ति किताब पढ़ते हैं वे विद्वान् बन जाते हैं और किताब से नजर चुराने वाले मूर्ख कहलाते हैं। इन पंक्तियों में कवि किताब की विशेषताओं का वर्णन करते हैं।

### आओ भाषा सीखें

1. शब्दों को जोड़कर नए शब्द बनाओ—

| | |
|---|---|
| बुद्धिमान | जग जननी |
| बुद्धिहीन | जग जीवन |

3. नीचे दिए गए शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखो—

(क) विद्वान (ख) बलशाली (ग) संगीतकार

6. दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो—

ज्ञान-किताबें ज्ञान का मार्ग होती हैं।

सम्मान-हमें सदैव बड़ों का सम्मान करना चाहिए।

मूर्ख-रमेश गाँव वालों को मूर्ख बनाता रहता है।

प्रेम-मोहन का हृदय प्रेम से भरा हुआ है।

नित्य-हमें नित्य सूर्य नमस्कार करना चाहिये।

पाठ-9

## अपना काम स्वयं करो

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) चिड़िया अपने बच्चों के साथ गेहूँ के खेत में रहती थी।

(ख) गेहूँ के पौधे बड़े हो गए थे इसलिए चिड़िया के बच्चों को कोई नहीं देख सकता था।

(ग) किसान खेत पर खड़ा होकर अपने बेटे से गेहूँ काटने की बात कर रहा था।

(घ) चिड़िया के बच्चे इसलिए चिल्लाने लगे क्योंकि किसान गेहूँ काटने की तैयारी कर रहा था। यह सुनकर चिड़िया के बच्चे डर गए थे।

(ङ) गेहूँ की फसल किसान ने काटी।

(च) इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

**2. किसने, किससे कहा—**

(क) किसने-किसान ने
किससे-बेटे से

(ख) किसने-किसान ने
किससे-बेटे से

(ग) किसने-किसान ने
किससे-बेटे से

**3. सही कथनों पर सही का चिन्ह लगाओ—**

(क) (✓) (ख) (✓) (ग) (✓) (घ) (✓)

**आओ भाषा सीखें**

**1. शब्दों को बहुवचन में लिखिए—**

(क) बच्चे (ख) भाईयों

(ग) मेरे, खुशियों (घ) पड़ोसियों

**2. प्रत्येक के लिए एक-एक शब्द पाठ में से खोजकर लिखो—**

(क) किसान

(ख) पड़ोसी।

## पाठ-10
## छब्बीस जनवरी

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) छब्बीस जनवरी की परेड में सेना ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

(ख) राष्ट्रपति के साथ अनेक घुड़सवार और अंगरक्षक थे।

(ग) परेड में सबसे आगे जीप पर परेड कमांडर हाथ में तलवार लिए हुए चल रहे थे।

(घ) परेड में आकाश में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने उड़ानें भरीं और करतब दिखाए। वायुयानों ने आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे और तिरंगे झंडे उड़ाए।

(ङ) झाकियाँ अपने-अपने राज्यों की प्रगति को प्रदर्शित कर रही थीं।

**2. खाली स्थानों को भरो—**

(क) सीटें (ख) 26 जनवरी 1950

(ग) राष्ट्रीय झंडा (घ) प्रगति

## पाठ-11
## हीरा और मोती

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) हीरा और मोती दो बैल थे।

(ख) हीरा और मोती दोनों में बहुत प्यार था।

(ग) गयाप्रसाद झूरी की पत्नी का भाई था।

(घ) गया प्रसाद बैलों से काम कराने के लिए उन्हें अपने घर ले गये।

(ङ) गया प्रसाद हीरा और मोती को दिनभर काम में लेता और उन्हें रूखा सूखा खाना देता।

(च) हीरा और मोती रस्सी तोड़कर भाग गए और अपने घर पहुँच गए।

**2. पहले क्या हुआ, फिर क्या हुआ ? इस क्रम से नीचे लिखे वाक्यों को लिखो—**

प्यार से वह बैलों पर हाथ फेरने लगा।
रास्ते में उन्होंने उसे बड़ा तंग किया।
पर बैलों ने उसे सूँघा तक नहीं।
वह रात को चुपके से उन्हें रोटी खिलाती।
उसने दोनों बैलों को खोल दिया।
अब हीरा और मोती आजाद थे।

**3. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरो—**

(क) हीरा, मोती (ख) बाएँ

(ग) रस्सियाँ (घ) आजाद

(ङ) खुशी

**आओ भाषा सीखें**

**1. विलोम शब्द लिखो—**

खरीदना-बेचना प्यार-घृणा

सुबह-शाम अगली-पिछली

आगे-पीछे प्रसन्न-अप्रसन्न

3. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो—

प्यार-प्रेम = पक्षियों से प्रेम करना चाहिए।

ध्यान-परवाह न करना = वह बड़ों की बात पर ध्यान नहीं देता।

भूख-खाने की इच्छा = माँ को देखते ही बच्चे की भूख बढ़ गई।

आश्चर्य-असाधारण बात = मुझे अचानक देखकर उसे आश्चर्य हुआ।

खुश-प्रसन्न होना = बच्चे अपने पिता से मिलकर बहुत खुश थे।

## पाठ-12
## बापू

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) कवि बापू के योगदान को इस कविता के माध्यम से बताना चाहते हैं।

(ख) बापू ने भारत देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाकर एक किया था।

(ग) बापू भारत के देशवासियों के लिए जेल गए।

(घ) बापू ने सत्य और अहिंसा की ज्योति जगाई।

(ङ) कवि ने सभी को बापू की राह अपनाने के लिए कहा है तभी देश को आगे ले जाया जा सकता है।

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—

(क) कितने उपकार, हम नहीं सकते, किया था एक, मानव था।

(ख) जेल गया, सारी, सत्य अहिंसा की, राह।

3. सरलार्थ लिखो—

इन पंक्तियों के माध्यम से कवि गाँधी जी के योगदान का वर्णन करते हुए कहते हैं कि बापू ने जो अहिंसा की ज्योति जगाई थी उससे अंग्रेजों ने भारत देश को छोड़ दिया था और भारत देश आजाद हुआ। कवि कहना चाहते हैं कि यदि हम भी बापू की ही राह अपनाएंगे तभी देश को आगे लेकर जा पाएंगे।

4. भाषा के कितने रूप हैं?

(घ) तीन

5. हिंदी में लिंग के कितने भेद होते हैं?

(घ) तीन

## पाठ-13
## पंडित भोलानाथ

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—

(क) यजमान ने पंडित भोलानाथ को दक्षिणा में बकरी का बच्चा दिया।

(ख) तीनों ठगों ने पंडित जी को ठगने की योजना बनाई।

(ग) तीसरे ठग ने पंडित जी को समझाया कि उनका शरीर अपवित्र हो गया तो उन्हें पहले स्नान करने जाना चाहिए।

(घ) पंडित जी ने बकरी के बच्चे को इसलिए छोड़ दिया क्योंकि तीनों ठगों ने मिलकर उन्हें विश्वास दिलवा दिया कि वह बकरी का बच्चा नहीं कुत्ता है जिससे पंडित जी का शरीर अपवित्र हो गया।

(ङ) यजमान ने पंडित जी को समझाया कि उन्हें किसी की बातों में नहीं आना चाहिए था।

(च) इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें किसी की बातों में नहीं आना चाहिए।

2. किसने, किससे कहा—

(क) किसने-यजमान ने किससे-पंडित जी से

(ख) किसने-ठग ने किससे-पंडित जी से

(ग) किसने-ठग ने किससे-पंडित जी से

3. नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाओ—

स्वीकार—रमा ने अपनी गलती स्वीकार की।

सलाह—राजू ने अपने पिता से सलाह ली।

योजना—चोरों ने उसे ठगने की योजना बनाई।

ठग—पंडित जी को ठगों ने ठग लिया।

### आओ भाषा सीखें

1. विशेषण चुनकर लिखो—

(क) पंडित जी - मूर्ख, ज्ञाता

(ख) यजमान - भोला, श्रद्धालु

(ग) ठग - कपटी, धूर्त।

पाठ–14

## उपयोगी नीम

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) नीम का असली नाम निंब है।

(ख) नीम का फल निबौरी से तेल निकलता है जिस तेल से साबुन बनता है। जो बालों के कीटाणुओं को मारता है। निबौरी का उपयोग कोल्हू में बची हुई खली खेतों में खाद के रूप में भी किया जाता है।

(ग) नीम की दातुन करने से दाँत व मसूड़े स्वस्थ रहते हैं।

(घ) नीम की पत्तियों को कपड़ों व अनाज में रखने से उनमें कीड़े नहीं लगते।

**2. नीचे लिखी वस्तुएँ किस काम आती हैं—**

नीम की पत्तियाँ—नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर उस पानी से नहाने पर खाज-खुजली ठीक हो जाती है।

निबौरी—निबौरी के तेल से साबुन बनता है जो बालों के कीटाणुओं को मारता है।

दातुन—लोग नीम की दातुन से दाँत साफ करते हैं।

**3. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरो—**

(क) निंब (ख) दाँत, मसूड़े

(ग) कड़वी (घ) निंबौरी

(ङ) पहिए

**4. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखो—**

(क) फूल-पुष्प, सुमन

(ख) पत्ता-पत्र, वरक

(ग) पर-पंख, पखौटा

(घ) फल-पुष्पज, बीजकोश

(ङ) कड़वा-कटु,अप्रिय

**5. नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| बीमारी | — | बीमारियाँ |
| पत्ती | — | पत्तियाँ |
| मच्छर | — | मच्छरों |
| मित्र | — | मित्रों |
| लकड़ी | — | लकड़ियाँ |
| कपड़ा | — | कपड़े |

पाठ–15

## सोने की खान

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) भोला आश्रम में साधु के पास पहुँचा।

(ख) साधु ने भोला से कुआँ खोदने के लिए कहा।

(ग) साधु ने भोला से कुआँ खोदने के लिए इसलिए कहा क्योंकि कुआँ सूखा था और आश्रम में पानी की कमी थी।

(घ) भोला को कुएँ में से एक घड़ा मिला।

(ङ) भोला ने साधु के चरणों में लेटकर कहा कि "महाराज आपने मुझे सही राह दिखा दी। अब तक मैं आलसी था। अब मैं परिश्रम करने में कोई कसर नहीं रखूँगा।"

**2. किसने, किससे कहा—**

(क) किसने-साधु ने किससे-भोला से

(ख) किसने-भोला ने किससे-साधु से

(ग) किसने-साधु ने किससे-भोला से

(घ) किसने-साधु ने किससे-भोला से

**3. नीचे लिखे गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

पुण्य—साधु ने भोला को एक पुण्य का काम करने के लिए कहा।

आलसी—भोला बहुत आलसी था।

गरीबी—भोला और उसका परिवार गरीबी में जीवन जी रहा था।

परिश्रम—हमें अपनी सफलताएँ पाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए।

पाठ–16

## बूढ़ा गिद्ध और बिल्ली

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) गंगा के किनारे एक बरगद का पेड़ था।

(ख) पेड़ की खोखल में एक बूढ़ा गिद्ध रहता था।

(ग) गिद्ध बूढ़ा हो गया था, उसकी आँखें भी कमजोर हो गई थीं, वह ठीक से उड़ भी नहीं पाता था इसलिए पक्षियों को गिद्ध पर दया आ गई।

(घ) गिद्ध को भोजन पक्षी देते थे और बदले में गिद्ध पक्षियों के बच्चों की देखभाल करता।

(ङ) पक्षियों के बच्चे बिल्ली ने खाए।

(च) पक्षियों ने समझा कि बूढ़ा गिद्ध हमारे बच्चों को मारकर खा जाता है। यह सोचकर सबने मिलकर गिद्ध को मार दिया।

**2. किसने, किससे कहा—**

(क) किसने—बूढ़े गिद्ध ने
किससे—बिल्ली से

(ख) किसने—बिल्ली ने
किससे—गिद्ध से

(ग) किसने—बूढ़े गिद्ध ने
किससे—बिल्ली से

(घ) किसने—बूढ़े गिद्ध ने
किससे—बिल्ली से

**3. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरो—**

(क) गिद्ध (ख) दाना

(ग) उपदेश (घ) चिड़िया।

## पाठ–17
## हरा-भरा रंगीन बगीचा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बगीचे में पौधे सीना ताने खड़े हैं।

(ख) इन्द्र धनुष में सात रंग होते हैं।

(ग) कवि ने बगीचे को अजब चित्र इसलिए कहा है क्योंकि यह प्रकृति के सौंदर्य का सुंदर व सरल रूप है जिसे किसी चित्रकार ने नहीं बनाया।

(घ) बाँसों ने बाँसुरी बजाई।

(ङ) उपवन में जैसे ही खुशहाली आई वैसे ही फूलों के गालों पर भी लाली छा गई।

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

(क) खुशहाली, फूलों के गालों, झूमे पौधे, पत्ती खूब।

(ख) तितली मँडराती, बैठ डाल पर, हंस झूमते, प्रकृति-छटा।

**3. सरलार्थ करो—**

(क) कविता की इन पंक्तियों में कवि ने प्रकृति के सुंदर व सरल रूप का मनुहार वर्णन किया है। कवि बताते हैं कि बगीचा हरा-भरा लगता है मानो इंद्रधनुष आसमान से धरती पर उतर आया हो, धरती पर जैसे घास ने मखमल का गलीचा बना दिया हो। इस तरह बगीचा हरा-भरा अत्यन्त सुंदर दिखाई देता है।

(ख) बगीचा माली के परिश्रम को दर्शाता है। माली ने इसे अपनी मेहनत से सींचा है जिसके कारण यह बगीचा हरा भरा अत्यन्त सुन्दर दिखाई दे रहा है।

**4. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो—**

धरती—धरा, भूमि

प्यार—प्रेम, स्नेह

मोर—मयूर, सितापांग

मेहनत—परिश्रम, मशक्कत

बगीचा—उपवन, बाग

फूल—पुष्प, सुमन

**5. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो—**

चित्र-चित्रों तितली-तितलियों

माली-मालियों फूल-फूलों

**6. वाक्य बनाओ—**

बगीचा—हरा-भरा रंगीन बगीचा प्रकृति का मनोहर दृश्य प्रकट करता है।

परिश्रमी—किसान बहुत परिश्रमी होता है।

इंद्रधनुष—इंद्रधनुष सात रंगों से मिलकर बनता है।

## पाठ–18
## स्वर्ण मंदिर

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) स्वर्ण मंदिर के गुंबद और दीवारें सुनहरी होने के कारण इसे स्वर्ण मंदिर कहते हैं।

(ख) स्वर्ण मंदिर की नींव गुरु नानकदेव जी ने रखी और इसका निर्माण अर्जुनदेव ने करवाया।

(ग) स्वर्ण मंदिर के चार द्वार इस बात के प्रतीक हैं कि चारों दिशाओं से आने वाले व्यक्तियों का यहाँ स्वागत है।

(घ) सिक्खों की धार्मिक बातों का निर्णय मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने रखे अकाल तख्त पर होता है।

(ङ) पवित्र-सरोवर तक जाने वाली सीढ़ियों को हरि की पौढ़ी कहा जाता है।

**2. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरो—**

(क) चहल-पहल (ख) ठहरे

(ग) संगमरमर (घ) अकाल तख्त

(ङ) प्रदक्षिणा पथ।

**3. निम्नलिखित के विषय में वाक्य लिखो—**

बैसाखी—बैसाखी अमृतसर में मुख्य रूप से मनाया जाता है।

अमृत का तालाब—अर्जुनदेव जी ने अमृत के तालाब का निर्माण करवाया।

गुरु ग्रंथ साहिब—गुरु ग्रंथ साहिब को प्रतिदिन सोने की पालकी में स्वर्ण मंदिर में लाया जाता है।

**4. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो—**

अमृत—अमिय, पीयूष

तालाब—सरोवर, पोखरा

स्वर्ण—सोना, कंचन

सुंदर—मोहक, आकर्षक

हाथी—गज, मतंग।

## प्रथम प्रश्न-पत्र

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| नवीन | - | नया |
| उत्सुकता | - | बैचेनी |
| असंभव | - | जो न हो सके |
| प्रतिदिन | - | प्रत्येक दिन, रोजाना |
| भाता | - | अच्छा लगता है |
| प्रख्यात | - | प्रसिद्ध |
| आविष्कार | - | खोज |
| मूर्ख | - | बेवकूफ |
| अवश्य | - | जरूर |
| पर्व | - | त्यौहार |
| आजाद | - | स्वाधीन |

लघु उत्तरीय प्रश्न

**2. नीचे लिखी पंक्तियों को पूरा करो। पाठ तथा कवि का नाम भी लिखो—**

(क) चाहे बहे हवा मतवाली
फूल हमेशा मुस्काता
चाहे बहे हवा लू वाली
फूल हमेशा मुस्काता

(ख) मुझमें है यारा ज्ञान भरा।
जन जीवन का सम्मान भरा
झोली फैलाकर जो आया
मुर्झाया मुख हो गया हरा।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो—**

(क) राजा और मंत्री अपनी प्रजा की परेशानियाँ जानने व दुखी लोगों की सहायता करने के लिए पूरे राज्य में वेश बदलकर घूमते थे।

(ख) कपड़े व कागज के थैलों को उपयोग करके व सरकार द्वारा प्लास्टिक पॉलिथीन पर रोक लगाकर प्लास्टिक प्रदूषण को दूर कर सकते हैं।

(ग) पारस पत्थर का यह गुण था कि उसे किसी भी वस्तु से छुआकर उस वस्तु को सोना बनाया जा सकता है।

(घ) स्वामी विवेकानन्द के गुरु संत रामकृष्ण परमहंस थे।

(ङ) टायर का आविष्कार सन् 1888 ई. में ब्रिटेन के जॉन डनलप ने किया।

(च) चिड़िया के बच्चों ने किसान को उसके बेटे से कहते हुए सुना कि उन्हें अब गेहूँ काट लेना चाहिए। इसलिए चिड़िया के बच्चे एक साथ चिल्लाने लगे।

(छ) राष्ट्रपति के साथ अनेक घुड़सवार अंगरक्षक थे।

(ज) हीरा और मोती दो बैल थे दोनों में बहुत प्यार था।

बहुविकल्पीय प्रश्न

**4. कोष्ठक में से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों में भरो—**

(क) कपड़े (ख) बाल्यकाल

(ग) वस्तु (घ) 15 अगस्त, 1950

(ङ) आजाद

**5. सही विकल्प का चयन करो—**

(क) मृत्यु (ख) संज्ञा

(ग) बुद्धिमान

**6. नीचे दिये गये कथन के सामने सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाओ—**

(क) (×), (ख) (✓), (ग) (✓), (घ)(✓), (ङ) (×)

**7. पहिये का आविष्कार नहीं हुआ होता तो आज हमारा संसार व जीवन निम्न प्रकार से भिन्न होता—**

(क) पहिये का आविष्कार नहीं होता तो भारी सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में असुविधा होती।

(ख) पहिये का आविष्कार नही होता तो यातायात के साधनों को भी नहीं बनाया जा सकता।

(ग) कल-कारखानों में काम में आने वाली मशीनों में भी पहिये का उपयोग किया जाता है। पहिया नहीं होता तो मशीनों का उयोग भी संभव नहीं होता।

(घ) पहिया ना होता तो मनुष्य एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से नहीं जा सकता था।

(ङ) पहियों की सहायता से जानवरों पर भारी सामान लादकर ले जाया जाता है। अगर पहिया नहीं होता तो यह भी संभव नहीं होता।

**8.** पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र हैं, यह निम्न बिन्दुओं के आधार पर कहा जा सकता है—

(क) पुस्तकें हमें हमारे जीवन में महान काम करने और असफलताओं को दूर करने के लिए प्रेरित करती हैं।

(ख) पुस्तकें ज्ञान का भण्डार होती हैं।

(ग) पुस्तकें के अध्ययन से ज्ञान की वृद्धि होती है।

(घ) पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन करती हैं हमें हमारे कर्त्तव्य का बोध कराती हैं।

(ङ) पुस्तकें पढ़ने वाला व्यक्ति बुद्धिमान माना जाता है और वह सदैव उन्नति के पथ पर चलता है।

अतः कहा जा सकता है कि किताबें न किसी से द्वेष रखती हैं और न ही शत्रुता। इसलिए किताबें हमारी सबसे अच्छी मित्र होती हैं।

## द्वितीय प्रश्न-पत्र

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**1.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो—

पीड़ा-दर्द, वेदना

ठग-धोखा देकर लूटने वाला

सुस्ताना-थकावट दूर करना

पुण्य-भलाई का काम

मादा-जनमित्री,स्त्रीलिंग प्राणी

मित्र-दोस्त, सहपाठी, सहचर।

खोखल-पेड़ के तने में बना खोखला स्थान

लघु उत्तरीय प्रश्न

**2.** यह वाक्य किसने, किससे कहे—

(क) किसने-ठग ने किससे-पण्डित जी से

(ख) किसने-साधु ने किससे-भोला से

(ग) किसने-गिद्ध ने किससे-बिल्ली से

(घ) किसने-साधु ने किससे-भोला से

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो—

(क) बापू ने देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाकर एक किया था।

(ख) तीनों ठगों ने आपस में सलाह करके पण्डित जी को ठगने की योजना बनाई।

(ग) निबौरी की गुठलियों से तेल निकलता है। इस तेल से साबुन बनता है जो बालों के कीटाणुओं को मारता है।

(घ) भोला को कुएँ में से एक घड़ा मिला।

**4.** उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो—

(क) निंब (ख)दाना

**5.** सही विकल्प का चयन करो—

(क) (ब) रात, (ख) (अ) झूमते हुए

**6.** नीचे लिखी हुई पंक्तियों को पूरा करो। पाठ तथा कवि का नाम भी लिखो—

(क) खुशहाली, फूलों के गालों, झूमें पौधे, पत्ते खूब

पाठ—हारा भरा रंगीन बगीचा

कवि—सुरेश पंत

(ख) कितने उपकार, हम नहीं सकते, किया था एक, मानव था।

पाठ—बापू

कवि—डॉ. राष्ट्रबंधु

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**7.** नीम के लाभ इस प्रकार हैं—

(क) नीम की दातून दाँतों के लिए अच्छी होती है।

(ख) नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर उस पानी से नहाने पर खाज खुजली ठीक हो जाती है।

(ग) नीम के फल निबौरी के तेल से साबुन बनता है। इस साबुन से नहाने से बालों के कीटाणु मर जाते हैं।

(घ) नीम के तने से निकलने वाले रस से गोंद बनता है जिसे औषधि के रूप में काम में लिया जाता है।

(ङ) नीम की पत्तियों को सुखाकर कपड़ों में रखने पर उनमें कीड़े नहीं लगते।

**8.** स्वर्ण मंदिर—

स्वर्ण मंदिर एक पवित्र दर्शनीय स्थल है।

स्वर्ण मंदिर पंजाब राज्य के अमृतसर में स्थित है।

बैसाखी के दिन स्वर्ण मंदिर में मेला लगता है।

स्वर्ण मंदिर संगमरमर से बना हुआ है।

●●